हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, गुरुवार, 4 सितंबर 2025

9 महेंद्रगढ़ जिले के लिए ई क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला...



10 शुक्रिया स्वास्थ्य मंत्री: एमबीबीएस की 100 सीट...





Aff. no. 12950

# LAMBORIA ACADEMY

N.H.-148-B Budhwal

LEAD US UNTO LIGHT

*A Co-educational English Medium Sr. Sec. School*

## Shining Stars of Class 10th Result 2024-25

**Topper**

94% — 1 — 470/500 — SCHOOL TOPPER — AMIT KUMAR, 10th Result 2024-25 — S/o. Ashok Kumar (Budhwal)

93.8% — 2nd — 469/500 — SCHOOL — KAPIL, 10th Result 2024-25 — S/o. Rajesh Kumar

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| HARSHIT LAMBORA, S/o Pradeep Kumar, 93.2% | PALAK, D/o Nitesh Kumar, 91.6% | PALAK, D/o Subhash Chand, 91.6% | RIYA, D/o Sanjay Kumar, 91.4% | TARUNA, D/o Sunil Kumar, 91.2% | BHAWANA, D/o Raj Kumar, 88.8% |
| MONIKA, D/o Vijay Singh, 88.4% | MUSKAN, D/o Ramchander, 88.2% | SONU, D/o Radhe Shyam, 87.2% | NEETU, D/o Rajender Singh, 86.6% | POOJA, D/o Kailash Chand, 86% | NAVEEN, S/o Ishwar Singh, 86% |
| RITIKA, D/o Hari Ram, 83.6% | MOHIT, S/o Maha Ram, 83.4% | SAHIL, S/o Ishwar Singh, 83.2% | MAYANK, S/o Sushil Kumar, 82.4% | DEEPANSHI, D/o Ramkishan, 81.6% | NEERAJ, S/o Mukesh Kumar, 80.2% |









## Shining Stars of Class 12th Result 2024-25

**Topper**

91.8% — 1 — 459/500 — SCHOOL — PRIYA, 12th Result 2024-25 — D/o. Krishan Kumar (Thanwas)

**Science Topper**

89% — SCIENCE — HIMANSHU, 12th Result 2024-25 — S/o. Subhash

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| YOGESH, S/o Ramkaran, 89.6% | PRIYANSHU, S/o Ramsingh, 88.6% | BUGGA, D/o Suresh Kumar, 88.4% | RAVINA, D/o Jagmal, 88.2% | PAYAL, D/o Vijay, 87.4% | ISHU, D/o Rajesh, 86.8% | |
| MUKUL, S/o Madu Ram, 85.4% | MITTAL, S/o Ram kumar, 85.2% | MUSKAN, D/o Rajesh Kumar, 85% | SACHIN, S/o Ramsaran, 84.4% | MONIKA, D/o Dayanand, 84.4% | KOMAL, D/o Mukesh, 83% | RUPESH, S/o Dharmpal, 82% |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| VIVEK, S/o Randhir, 81.2% | HARSHITA, D/o Rajkumar, 80% | SUMIT, S/o Kaluram, 78.6% | MANJU, D/o Balkesh, 78.2% | ANISH, S/o Suresh Yadav, 78% | ANUJ, S/o Laxman, 75.4% | SAPNA, D/o Ramsingh, 75.4% | DEEPAK, S/o Net Ram, 75.4% |

फाउण्डेशन क्लासेज 6th to 12th सुपर 30 बैच

लंबोरिया एकेडमी के छात्रों ने रैली निकाल नशे के प्रति किया जागरूक



Chairman : Hazari Lal Lambora
Mob. 9416707575






SARASWATI VIDYA MANDIR — SINCE 1993 — 32 YEARS — SVM — NANGAL CHOUDHARY

अनुशासन शिक्षा संस्कार

# SARASWATI VIDYA MANDIR NANGAL CHOUDHARY

A Residential Cum Day Boarding Co-Educational English Medium School | AFFILIATED TO CBSE | Aff.No. 530783

जहाँ सफलता ही परम्परा है।

**(Science, Commerce & Arts)**

जहां सफलता ही परंपरा है



*Glorious Legacy of Academic Excellence Since Last 30 YEARS*



## CBSE X RESULT - 2025

SOURAV, S/O SH. VIJAY SINGH, 95.6%
LALIT, S/O SH. LOKESH, 95.2%
MANSHI, 91.6%
PRINCE, D/O SH. MAHENDER SINGH, 91%
NANCY, D/O SH. RAJESH, 90%
PRIYANSHI, D/O SH. BIRENDER, 89.6%

## CBSE XII RESULT - 2025

JYOTI, D/O SH. LOKESH, 96.8%
ANJALI VERMA, D/O SH. ASHOK KUMAR, 96.8%
DIVYA, D/O SH. SANJAY, 94%
ANSHU, D/O SH. JAI PAL, 92.6%
PRIYA, D/O SH. MANOJ KUMAR, 92%
VIPIN KUMAR, S/O SH. MAHESH KUMAR, 90%

*Nangal Choudhary, Distt. Mohindergarh (Hry.)*

9350229950, 8168544315 | svmnch@gmail.com | www.saraswatischoolnch.com

# महेंद्रगढ़ जिले के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला, किसान जल्द करें शिकायत दर्ज

## किसान मोबाइल व सीएससी सेंटर पर जाकर करवा सकते है ई क्षतिपूर्ति पोर्टल खराब हुई फसल का पंजीकरण

- प्रदेश में सबसे अधिक बारिश वाले जिलों में महेंद्रगढ़ दूसरे स्थान पर
- 23 अगस्त से लगातार जारी है भारी बारिश, अभी दो दिन और आसार
- अगस्त महीने में लगभग 173 एमएम बारिश दर्ज, जो सामान्य से 30 प्रतिशत ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

प्रदेश सरकार ने बारिश से फसलों में हुए नुकसान को देखते हुए महेंद्रगढ़ जिले के लिए भी ई क्षतिपूर्ति पोर्टल खोल दिया गया है। यह पोर्टल हरियाणा सरकार ने किसानों को मांग पर उनको राहत प्रदान करते हुए खोला है, ताकि प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित किसान अपनी फसलों के नुकसान का दावा ऑनलाइन दर्ज कर सकें। पोर्टल पर आवेदन करने के लिए किसानों को अपनी फसल की जानकारी व नुकसान का ब्यौरा देना होगा। ई क्षतिपूर्ति पोर्टल पर फसल खराबे का पंजीकरण किसान स्वयं या सीएससी सेंटर जाकर करवा सकते है।


हरिभूमि
मौसम विभाग के पूर्वानुमान ने बढ़ाई किसानों की चिंता
11 दिन में 300 एमएम से अधिक बारिश
खत्म होने के कगार पर पहुंची फसलें

नारनौल। हरिभूमि में 3 अगस्त को प्रकाशित समाचार।

इसके लिए किसान की जमीन का पंजीकरण मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल होना अनिवार्य है।

बता दें कि जिले में गत 12 दिनों से लगातार रूक रूककर बारिश हुई है। वहीं मौसम विभाग ने आगे भी दो दिन और बारिश की संभावना जताई है। अगस्त के बाद सितंबर में महीने में हुई भारी बारिश के कारण जिले में कपास की फसल तो लगभग खराब हो चुकी है, जबकि बाजरे की फसल में भारी नुकसान हुआ है। जिससे किसानों को काफी आर्थिक हानि उठानी पड़ रही है। बता दें पूरे प्रदेश में सबसे अधिक बारिश वाले जिलों में महेंद्रगढ़ दूसरे स्थान पर है। जिले अगस्त महीने में लगभग 173 एमएम बारिश दर्ज, जो सामान्य से 30 प्रतिशत ज्यादा है।

### ऑनलाइन दर्ज करें शिकायत

किसान ई क्षतिपूर्ति पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए आधार कार्ड, फैमिली आईडी व बैंक की कॉपी जैसे दस्तावेज आवश्यक है। इसके अलावा पंजीकरण के दौरान अपनी फसल की जानकारी व नुकसान का ब्यौरा भी देना होगा।

## विधायक ने मुख्यमंत्री का आभार जताया



विधायक एवं पूर्व मंत्रीओम प्रकाश यादव ने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का जिले के लिए ई क्षतिपूर्ति पोर्टल शुरू किए जाने पर आभार व्यक्त किया है। यादव ने बताया कि बुधवार सुबह उन्होंने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर महेंद्रगढ़ जिले में हुई भारी बरसात से बाजरा, कपास, मूंग व ग्वार की फसल को हुए नुकसान से अवगत कराया था। उन्होंने कहा कि महेंद्रगढ़ राजस्थान के चार जिलों से सटा हुआ है। अधिक वर्षा के कारण न केवल स्थानीय बारिश बल्कि राजस्थान का पानी भी खेतों में आने से फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं। किसानों को हुए इस भारी नुकसान की भरपाई के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की थी।

## जिलाध्यक्ष यतेंद्र राव ने किया ई क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त


नारनौल। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिलते जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव। फोटो : हरिभूमि

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष यतेन्द्र राव ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का महेंद्रगढ़ के लिए पोर्टल खोलने के लिए आभार व्यक्त किया, ताकि किसान बारिश से हुए फसल नुकसान की भरपाई हो सकें। जिला अध्यक्ष ने मंगलवार को ही मुख्यमंत्री से भेंट कर जिले के किसानों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की थी। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत कराया था कि हाल ही में जिले में हुई अत्यधिक बारिश के कारण किसानों की खड़ी फसलें बुरी तरह से प्रभावित हुई हैं। जिससे अन्नदाताओं को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। जिसे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गंभीरता को समझते हुए त्वरित संज्ञान लिया और संबंधित विभागों को उचित कार्रवाई के निर्देश देने का आश्वासन दिया। भाजपा जिला अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री व प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली का धन्यवाद करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि भाजपा सरकार किसान हितैषी नीतियों के माध्यम से प्रदेश के अन्नदाताओं को सुरक्षा व सम्मान प्रदान करती रहेगी। राव ने किसानों की आवाज उठाने के लिए सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह व जिला के जनप्रतिनिधियों का भी धन्यवाद किया।

## महेंद्रगढ़ के सभी गांवों के लिए खोला ई क्षतिपूर्ति पोर्टल

**नारनौल।** प्रदेश सरकार ने अत्यधिक बारिश के कारण हुए नुकसान की भरपाई के लिए ई क्षतिपूर्ति पोर्टल खोल दिया है। किसान इस पोर्टल पर आगामी 15 सितंबर तक अपनी जानकारी अपलोड कर सकता है। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि सरकार ने जिले के सभी गांव के लिए क्षतिपूर्ति पोर्टल खोल दिया है। यह पोर्टल बारिश के कारण फसलों को हुए नुकसान की जानकारी देने के लिए खोला गया है। अगर किसी किसान की फसल बारिश के कारण खराब हुई है, तो वह अपनी जानकारी इस पोर्टल पर दे सकता है। जिला प्रशासन की ओर से सर्वे करने के बाद भरपाई की जाएगी।


नारनौल। स्वयंसेवकों को सम्मानित करते समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट।

## अतरलाल ने किया स्वयंसेवकों को सम्मानित

**नारनौल।** भोजावास गांव में बाबा जिन्दादेव मेला के आयोजन में उल्लेखनीय योगदान करने वाले स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि प्रजा भलाई संगठन के सुप्रीमो अतरलाल एडवोकेट ने स्वयंसेवकों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। समारोह की अध्यक्षता वाटरशेड के पूर्व चेयरमैन भागसिंह तंवर ने की। अतरलाल कहा कि स्वयंसेवक समाज के प्रेरक होते हैं। समाजसेवा से आत्मिक खुशी तथा संतुष्टि मिलती है और समाज में बदलाव आता है। स्वयंसेवकों का कार्य समाज के लिए अनुकरणीय होता है। इसलिए समाजसेवा करने वालों को सम्मानित करना समाज का कर्तव्य होता है। चेयरमैन भागसिंह ने सभी स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस मौके पर श्यामसुन्दर सेठ, विष्णु सेठ, पवन तंवर, सरपंच प्रतिनिधि श्योपाल तंवर, कैप्टन राजेन्द्र सिंह, भागसिंह तंवर, राकेश रोहिल्ला, विष्णुदत्त सोनी, इन्द्रसिंह, धर्मेन्द्र, किरणपाल, सोनू, दीपचंद, जसवंत सिंह, जितेन्द्र शर्मा, सुरेश हलवाई, राकेश राजपूत आदि मौजूद थे।



नारनौल। ओएसिस स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## ओएसिस स्कूल के विद्यार्थियों को प्रदर्शन सराहनीय

**नारनौल।** शिक्षा विभाग की ओर से विज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन खण्ड व जिला स्तर पर एमएलएस डीएवी में किया गया। जिसमें सभी खण्डों से 50 टीमों में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में विजेता रहने पर ओएसिस इंटर नेशनल स्कूल की टीम का चयन राज्य स्तर के लिए किया गया था। राज्य स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन हरियाणा सरकार की ओर से कुरूक्षेत्र में आयोजित किया गया था। जिसमें स्कूल की छात्रा को चौथे स्थान पर सात्वंना पुरस्कार मिला। शिक्षा विभाग की तरफ से विद्यालय की छात्रा तमन्ना को 2000 रुपये नगद व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही खण्ड स्तर व जिला स्तर पर शिक्षा विभाग की ओर से खेलों का आयोजन किया गया था। जिसमें ओएसिस के बच्चों का बेहतरीन प्रदर्शन रहा। हाल ही में जिला शिक्षा विभाग की ओर से खण्ड स्तर पर विज्ञान ड्रामा का आयोजन बीपीएस में किया गया था। जिसमें ओएसिस की टीम प्रथम स्थान पर रही।



महेंद्रगढ़। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## हैप्पी स्कूल के तीन खिलाड़ियों का राज्य स्तर पर चयन

**महेंद्रगढ़।** अटेली स्थित गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति स्कूल में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) द्वारा आयोजित जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में हैप्पी एवरग्रीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल महेंद्रगढ़ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में विद्यालय के तीन खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल कौशल का परिचय देते हुए राज्य स्तर पर अपनी जगह पक्की की। दीपांशु ने अंडर-19 डिस्कस थ्रो में गोल्ड मेडल, तन्मय ने शॉटपुट में गोल्ड मेडल तथा दीपक अंडर 17 ने डिस्कस थ्रो में सिल्वर मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। खिलाड़ियों की इस ऐतिहासिक उपलब्धि में विद्यालय के कोच नरेश तंवर और प्रिंस कुमार का विशेष मार्गदर्शन और योगदान रहा। प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल, संचालक सुभाष चंद्र अग्रवाल, उपसंचालिका कौशल्या अग्रवाल, प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल और मैनेजर चंचल अग्रवाल ने सभी विजेता खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


महेंद्रगढ़। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## लक्ष्य प्राप्ति के लिए अनुशासन का पालन आवश्यक

**महेंद्रगढ़।** विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का बड़ा महत्व होता है। अनुशासन में रहकर बच्चे अपने लक्ष्य के लिए प्रयास करें तो सफलता की राह आसान हो जाती है। इसलिए सभी विद्यार्थी जीवन के लक्ष्य को पाने के लिए अनुशासन का पालन करें। उपरोक्त विचार बुधवार को आरपीएस स्कूल की मिडिल विंग में आयोजित इन्वेस्टीचर सेरेमनी समारोह के दौरान चयनित विद्यार्थियों को शपथ दिलाते हुए मुख्यातिथि आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने की। चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि आरपीएस विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को लेकर कृतसंकल्पित है। विद्यालय में बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ उनकी रुचि के अनुसार अन्य क्षेत्रों में भी आगे बढ़ने का मंच मिलता है। उन्होंने विद्यार्थियों व शिक्षकों के इस प्रयास की सराहना करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ समाज व सोसायटी के साथ जुड़ाव रखते हुए अपने जीवन के मार्ग को सुगम बनाने के लिए प्रेरित किया। विंग हैड साक्षी मलिक ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान हाउस वाइज अपने-अपने थीम पर आधारित संदेशपरक प्रस्तुतियां दी जिन्हें सभी ने सराहा। सभी हाउस से हेड ब्वाय व हेड गर्ल, स्पोर्ट हैड तथा कल्चरल हैड का चयन किया गया, जिसमें कक्षा 8वीं से यशिका को हैड गर्ल, आराध्या को हैड ब्वाय, मनीष और रिया को स्पोर्ट हैड तथा मन्नत और तमन्ना को कल्चरल हैड की जिम्मेदारी देते हुए उन्हें सोसायटी, समाज के लिए अपनी अहम भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर उपप्राचार्य दिनेश कुमार, विंग हैड देवेन्द्र पुनिया, जिले सिंह, अमित कुमार, साक्षी मलिक, अनिता अहलावत सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## चोरी करने वाला आरोपित गिरफ्तार

नारनौल। घर में घुसकर आभूषण व नकदी चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर पुलिस ने एक और आरोपित को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान कपिल वासी मोहल्ला माली टिब्बा के रूप में हुई है। आरोपित को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। शिकायतकर्ता सुवालाल वासी नई बस्ती माली टीबा नारनौल ने थाना शहर में दी शिकायत में बताया कि 16/17 अगस्त की रात को उसका परिवार जन्माष्ठमी के कार्यक्रम मे भाग लेने के लिए बहरोड़ गया था। जब वह 17 अगस्त को दोपहर घर वापस आए तो देखा कि मुख्य द्वार का का ताला टूटा पड़ा था व अंदर के कमरों के भी ताले टूटे हुए थे तथा अलमारी का सामान बिखरा पड़ा था। शिकायतकर्ता ने नामजद व अन्य के खिलाफ शिकायत देते हुए बताया कि आरोपितों ने ताला तोड़कर घर में प्रवेश करके अलमारी तोड़कर सोने, चांदी के आभूषण व नकदी के अलावा कुछ कागजात, बिल आदि चोरी कर लिए।

**कार्यालय / न्यायालय सहायक चकबंदी अधिकारी नारनौल साधिकार सहायक कलेक्टर द्वितीय श्रेणी नारनौल**

सम्मन – श्रीमति संतोष पुत्री हजारीलाल पुत्र ईन्द्राज निवासी मोहल्ला पुरानी मंडी नारनौल समाचार के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि ईन्तकाल नं. 24197 रजिस्टर्ड वसीयत पवन कुमार पुत्र श्री जगमाल सिंह निवासी मोहल्ला पुरानी मंडी नारनौल के नाम से दर्ज होकर अधोहस्ताक्षरी के सम्मुख निर्णय के लिए पेश हुआ है। दिनांक 25.4.2015 अखबार हरिभूमि के अनुसार आपको संपत्ति से बेदखल किया हुआ है। अतः न्यायहित को मद्देनजर रखते हुए आपको एक और अवसर प्रदान किया जाता है कि यदि उक्त ई. नं 24197 रजिस्टर्ड वसीयत के बारे आपको कोई एतराज है तो आप असालतन / वकालतन दिनांक 18.09.2025 को कार्यालय समय सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक पेश होवे। अन्यथा आपके विरूद्ध एक तरफा कारवाई अमल में लाते हुए उक्त ईन्तकाल नं. 24197 मंजूर कर दिया जावेगा।

**सहायक चकबंदी अधिकारी**
**साधिकार सहायक कलेक्टर द्वितीय श्रेणी**
**नारनौल**








- टूटी सड़क के कारण ग्रामीणों को उठानी पड़ रही थी परेशानी, सड़क का निर्माण होने के बाद जिला के सात गांवों को मिलेगा फायदा
- सड़क का निर्माण होने के बाद जिला के लोग आसानी से जा सकेंगे राजस्थान, जिला की राजस्थान में है काफी रिश्तेदारी

महेंद्रगढ़। गांव बुडीन के समीप सड़क में बने गड्ढे। फोटो : हरिभूमि

# 4.44 करोड़ रुपये की लागत से खातोद तक बनेगी नई सड़क

## राजस्थान से मजबूत होगी जिला की कनेक्टिविटी

**महेंद्रगढ़।** लंबे समय से जर्जर हालत में पड़ी महेंद्रगढ़-खातोद मार्ग पर पीडब्ल्यूडी विभाग चार करोड़ 44 लाख रुपये की लागत से सड़क का निर्माण किया जाएगा। सड़क बनने के बाद न केवल जिले के सात गांवों को सीधा लाभ मिलेगा, बल्कि राजस्थान से जिले की कनेक्टिविटी भी काफी हद तक मजबूत हो जाएगी। महेंद्रगढ़-खातोद मार्ग लंबे समय से खराब स्थिति में है। जगह-जगह बने गड्ढों और उखड़ी हुई सड़क के कारण वाहन चालकों और राहगीरों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। बरसात के दिनों में स्थिति ओर भी बिगड़ जाती थी। गड्ढों में पानी भर जाने से यह सड़क तालाब का रूप ले लेती थी। ऐसे हालात में ग्रामीणों के लिए शहर आवागमन बेहद कठिन हो जाता था। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की दुर्दशा से न केवल समय की बर्बादी होती थी, बल्कि हादसा होने का ड़र बना रहता था। ग्रामीण लंबे समय से इस सड़क का निर्माण करने की मांग कर रहे थे। लेकिन जिला प्रशासन की ओर से कोई सकारात्मक जवाब नही मिल रहा था। अब सरकार द्वारा सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति मिलने से उम्मीद जगी है कि आने वाले समय में उनका सफर आसान होगा। जिले और राजस्थान के बीच रिश्तेदारी और व्यापारिक आवागमन भी आसान होगा। महेंद्रगढ़ की बड़ी आबादी का राजस्थान के गांवों से नाता जुड़ा हुआ है।

- जिला के सात गांवों को मिलेगा फायदा, ग्रामीण से आसानी से पहुंच सकेंगे महेंद्रगढ़ शहर

*सात गांवों को मिलेगा सीधा फायदा:* टूटी सड़क के कारण सात गांवों के ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही थी। जिला के अंतिम छोर पर स्थित गांव सोलहा, बोहरा की ढाणी, बुडीन, बलायचा, निम्बेहड़ा, खातोद के ग्रामीण को महेंद्रगढ़ शहर पहुंचने में काफी परेशानी उठानी पड़ रही थी। गांवों से प्रतिदिन काफी संख्या में विद्यार्थी और नौकरीपेशा करने के लिए शहर के आते है। टूटी सड़क के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही थी। सड़क का निर्माण होने के बाद ग्रामीण आसानी से महेंद्रगढ़ शहर आ सकेंगे। इसके अलावा यहां के लोगों के पारिवारिक और सामाजिक रिश्ते राजस्थान से जुड़े हुए हैं। बड़ी संख्या में लोग रोजाना राजस्थान आते-जाते हैं। लेकिन टूटी सड़क के कारण आवागमन में काफी परेशानी हो रही थी। नई सड़क बनने के बाद जिले और राजस्थान के बीच आवागमन तेज और सुगम हो जाएगा।

*जल्द शुरू कराया जाएगा सड़क का निर्माण:* लोक निर्माण विभाग के जेई अनिल कुमार ने बताया कि इस मार्ग पर सड़क निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। सड़क के निर्माण में चार करोड़ 44 लाख रुपये की लागत आएंगी। विभाग का लक्ष्य है कि काम को तय समय सीमा में पूरा किया जाए। गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि ग्रामीणों को आने वाले कई वर्षों तक परेशानी का सामना न करना पड़े।

# शुक्रिया स्वास्थ्य मंत्री: एमबीबीएस की 100 सीट आवंटित, मेडिकल कॉलेज में इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर अन्य व्यवस्था करनी होगी दुरुस्त

**नारनौल।** जिला के लिए अच्छी खबर है। महर्षि च्यवन ऋषि मेडिकल कॉलेज कोरियावास के लिए नेशनल मेडिकल कमीशन ने एमबीबीएस की 100 सीटों पर दाखिले की अनुमति दे दी है। यह पत्र मंगलवार देर शाम जारी किया गया। पत्र में मेडिकल कॉलेज प्रशासन को यह भी निर्देश दिए है कि इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त करनी होगी। जब मेडिकल कॉलेज में सीट अलार्ट होने की बात सामने आई तो केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के प्रतिद्वंदी माने जाने वाले पूर्व सिंचाई मंत्री डा. अभय सिंह यादव ने भी उनकी बेटी स्वास्थ्य मंत्री आरती राव को इसकी बधाई देते हुए धन्यवाद किया है।

- प्रतिद्वंदी डा. अभय सिंह यादव ने सीट आवंटित होने पर सीएम सहित स्वास्थ्य मंत्री का किया धन्यवाद



नारनौल। नेशनल मेडिकल कमीशन की ओर से जारी अनुमति पत्र। फोटो : हरिभूमि

महर्षि च्यवन ऋषि मेडिकल कॉलेज कोरियावास में इसी सत्र से एमबीबीएस में दाखिले शुरू करने के लिए स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने पिछले दिनों केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखा था। उनसे अनुरोध किया था कि नेशनल मेडिकल आयोग यहां एमबीबीएस में दाखिले के लिए सीट अलार्ट करें ताकि उम्मीदवारों को इसका लाभ मिल सके। स्वास्थ्य मंत्री के इस आग्रह के बाद आयोग ने मंगलवार रात को मेडिकल कॉलेज के लिए 100 सीटें आवंटित करने का पत्र जारी कर दिया। जब यह पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो पक्ष व विपक्ष सभी ने सराहना की। आपको यह भी बताते चले कि इस मेडिकल कॉलेज के नामकरण को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। कॉलेज के गेट के पास धरना तक चल रहा है। इन धरना देने वाले लोगों की मांग है कि महर्षि च्यवन ऋषि की बजाय कॉलेज का नाम अमर शहीद राव तुलाराम के नाम से हो। वहीं नेशनल मेडिकल कमीशन की ओर से एमबीबीएस कक्षा में दाखिले के लिए पहले व दूसरे शेड्यूल जारी किया था, उसमें इस कॉलेज का नाम नहीं था। इस वजह से विपक्ष भी सरकार पर हमलावर हो रहा था।

### बधाई भी दी और कहा राजनीति सिर्फ चुनाव में ही अच्छी

नांगल चौधरी के पूर्व विधायक डा. अभय सिंह यादव ने इस संबंध में मीडिया को बताया कि वह क्षेत्र के लोगों को महर्षि च्यवन मेडिकल कॉलेज कोरियावास में 100 एमबीबीएस विद्यार्थियों के लिए एडमिशन की स्वीकृति के लिए बधाई देते है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव का भी धन्यवाद करते है, जिन्होंने कॉलेज में एडमिशन प्रारंभ करवाने के लिए विशेष प्रयत्न किए। इसके साथ ही वह सभी से यह भी निवेदन करना चाहते है कि ऐसी संस्थाएं राजनीति के लिए नहीं होती जनसुविधाओं के लिए होती हैं। कॉलेज जितनी कुशलता से चलेगा, उतना ही इस क्षेत्र के हित में होगा। राजनीति केवल चुनाव के समय अच्छी लगती है, शेष समय जिसको भी जनता अपना प्रतिनिधि चुनती है उसे क्षेत्र के विकास में पूरी ताक़त लगानी चाहिए। ऐसी संस्थाओं को राजनीति से दूर रखना चाहिए। लंबे इन्तज़ार के बाद ज़िले को मेडिकल कॉलेज मिला था और मेडिकल कॉलेज के शिलान्यास के समय हमने क्षेत्र की जनता से यह वायदा किया था कि इस कॉलेज के प्रारंभ होने उपरांत लोगों को इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। हम मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री का एक बार फिर उस समय धन्यवाद करेंगे, जब वह इस क्षेत्र के इस कॉलेज को इस स्तर पर चलाएंगे की लोगों को इलाज के लिए कहीं अन्यत्र नहीं जाना पड़े। हम उस समय का इंतज़ार करेंगे।








